RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : सोमवार 03 जुलाई 2023 | वर्ष 05 | अंक 71 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 8 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# क्या देवेंद्र फड़णवीस फिर बनेंगे महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री

## क्या बन रहे हैं सियासी समीकरण...

महाराष्ट्र की सियासत में चल रहे शह और मात के खेल में बाजी मारने वाले देवेंद्र फडणवीस के साथ-साथ भाजपा के चाणक्य कहे जाने वाले गृह मंत्री अमित शाह के लिए बेशक रविवार का दिन बेहद अहम है। अजीत पवार के उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद महाराष्ट्र में अब अगर सबसे ज्यादा चर्चा है तो वह है भाजपा का मुख्यमंत्री बनाए जाने की। यानी अब नए सियासी गुणा भाग के बाद एक बार फिर देवेंद्र फड़णवीस के सितारे बुलंद नजर आ रहे हैं। नागपुर में रहने वाले फडणवीस के करीबी और एक पूर्व पुलिस अधिकारी मुंबई भाजपा में शामिल होने की कतार में हैं।

भरोसा देते हुए कहते हैं कि देवेन्द्र फडणवीस को भाजपा के राष्ट्रीय नेता कभी भी यह पुरस्कार दे सकते हैं। सूत्र का कहना है कि महाराष्ट्र में विधानसभा और लोकसभा का चुनाव होने से पहले आप देवेन्द्र फडणनवीस को राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में देखेंगे। बस थोड़ा इंतजार कीजिए।

**अप्रैल 2023 में ही हो चुकी थी ऐसी सियासी भविष्यवाणी**

महाराष्ट्र के राजनीतिक घटनाक्रमों पर गौर करें तो अप्रैल 2023 में एनसीपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता क्राइस्ट क्लाइडो ने ट्वीट करके राजनीतिक हलचल पैदा कर दी थी। क्लाइडो ने कहा था कि भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं ने महाराष्ट्र में देवेन्द्र फड़णवीस को उपमुख्यमंत्री से मुख्यमंत्री बनाने और एकनाथ शिंदे को मुख्यमंत्री से उपमुख्यमंत्री बनाने का फैसला कर लिया है। यह जल्द होने



वाला है। जवाब में भाजपा के नेताओं और कार्यकताओं ने एनसीपी के नेता अजीत पवार को लेकर भी भविष्यवाणी कर दी थी। इसमें अजीत पवार के जल्द ही एनडीए से सरकार बनाने और पुनः उपमुख्यमंत्री बनने की भविष्यवाणी की गई थी। इसी के सामानांतर नागपुर समेत महाराष्ट्र में देवेंद्र फडणवीस को मुख्यमंत्री बनने की भविष्यवाणी करने वाले पोस्टर भी लगे थे। यह सब तब हो रहा था, जब उच्चतम न्यायालय ने शिवसेना से बगावत करने वाले मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उनके साथ गए विधायकों पर फैसला रिजर्व कर लिया था। इसी की याद दिलाते हुए महाराष्ट्र के एक भाजपा विधायक ने कहा कि देखिए अजीत पवार के साथ आने वाली भविष्यवाणी तो सही हो गई। सूत्र ने कहा कि इस बार तो अजीत पवार बड़ी संख्या में विधायकों के साथ आए हैं। वह एनसीपी के दोनों कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल, सुप्रिया सुले समेत पार्टी के नेताओं के साथ मीटिंग करने के बाद सरकार के साथ आए हैं। इतना ही नहीं शरद पवार को भी इसकी सूचना दे दी है।

### ये है 'ट्रिपल इंजन' की सरकार

**महाराष्ट्र भाजपा के अध्यक्ष चंद्रशेखर बावन कुले, चंद्रकांत पाटील समेत कई नेताओं ने इसके संकेत दिए हैं। एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि यह तो आप मानेंगे कि मुख्यमंत्री पद पर भाजपा का मजबूत दावा बनता है। हमारे पास 105 विधायक हैं। लेकिन इस बारे में कोई निर्णय भाजपा के राष्ट्रीय नेता ही करेंगे। फिलहाल महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने एनसीपी नेता अजीत पवार के साथ आने और उप मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद अपनी सरकार को ट्रिपल इंजन की सरकार बताया है। पहला इंजन शिवसेना (शिंदे), दूसरा भाजपा और तीसरा इंजन एनसीपी के अजीत पवार और उनके साथ आए विधायक।**

### अब क्या करेंगे एनसीपी सुप्रीमो शरद पवार...?

**शरद पवार ने 1980 के दशक को याद किया है। जब उनके साथ 58 विधायक थे और 52 साथ छोड़ गए थे। शरद पवार ने कहा कि तब भी वह निराश नहीं हुए और संख्या बल को मजबूत किया। इसलिए उनके लिए यह कोई नई बात नहीं है। पवार ने कहा कि एनसीपी किसकी होगी, इसे जनता तय करेगी। उन्होंने एक वेदना बताई कि 6 जुलाई को उन्होंने पार्टी की बैठक बुलाई थी। पार्टी में संगठन से जुड़ा कुछ निर्णय लेने वाले थे, लेकिन इससे पहले पार्टी के कुछ नेताओं ने ऐसा निर्णय ले लिया है। अपनी योजना के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि वह जनता के बीच जाएंगे। इसके अलावा वह कांग्रेस और उद्धव ठाकरे के साथ भी आगे की रणनीति पर चर्चा करेंगे।**

# अजित पवार के लिए 'बगावत' की राह नहीं है आसान!

## आंकड़ों के दावे और हकीकत में फंसा पेंच

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र की राजनीति में एक बार फिर से भूचाल आ गया है. शिवसेना में हुई बगावत के एक साल बाद अब एनसीपी में भी विद्रोह हो गया है. एनसीपी नेता अजित पवार कई विधायकों के साथ एनडीए में शामिल हो गए हैं. उन्होंने रविवार (2 जुलाई) को महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम के रूप में शपथ ली. राजभवन में हुए शपथग्रहण समारोह में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस भी



मौजूद रहे. अजित पवार के अलावा एनसीपी के अन्य नेताओं- पूर्व गृह मंत्री दिलीप वाल्से पाटिल, अनिल पाटिल, हसन मुश्रीफ, संजय बनसोडे, अदिति तटकरे, धमार्राव और धनंजय मुंडे ने भी महाराष्ट्र के मंत्री पद की शपथ ली है. अजित पवार की बगावत के बाद कई सवाल उठ रहे हैं. जैसे कि अजित पवार के साथ एनसीपी के कितने विधायक हैं, क्या वे दल-बदल कानून से बच पाएंगे. क्या अजित पवार के लिए पाला बदलना मुश्किल होगा? आपको इन सभी सवालों के जवाब देते हैं.

**चुनाव आयोग की प्रक्रिया क्या है?**

चुनाव आयोग की प्रक्रिया के मुताबिक अगर किसी भी राजनीतिक दल में टूट होती है और वह टूट दो तिहाई की होती है, तो पार्टी में वर्टिकल स्प्लिट होता है. यानी कि सांसद विधायक से लेकर कार्यकर्ताओं तक में टूट होती है तो चुनाव आयोग बड़े खेमे को मान्यता दे सकता है जैसा कि एकनाथ शिंदे के मामले में किया गया.

### दल-बदल कानून से बच पाएंगे अजित पवार?

**विधानसभा में एनसीपी के कुल 53 विधायक हैं और ऐसा माना जा रहा है कि उनमें से 30 विधायक अजित पवार के साथ हैं. दल बदल कानून से बचने के लिए दो तिहाई विधायकों का अजित पवार के साथ आना जरूरी है. मतलब अजित पवार को एनसीपी के 36 विधायकों का साथ चाहिए. हालांकि, पार्टी के ज्यादातर विधायक शरद पवार के समर्थक हैं. इस स्थिति में उनका पाला बदलना मुश्किल है.**

# एनसीपी में हुई टूट के बाद सतर्क हुए उद्धव ठाकरे

## मंगलवार को शिवसेना भवन में बुलाई बैठक

**मुंबई:** महाराष्ट्र की सियासत एक साल बाद फिर से चर्चा में बनी हुई है। इस बार चर्चा अजित पवार की वजह से है। पवार राज्य सरकार में डिप्टी सीएम बन गए हैं और अपने साथ एनसीपी के 30 से ज्यादा विधायक ले आये हैं। एनसीपी में टूट हो गई है और



महाराष्ट्र की राजनीति के चाणक्य कहे जाने वाले शरद पवार के साथ खेल हो गया। अब इस टूट के बाद पिछले साल इसी प्रकरण से गुजरने वाली शिवसेना के भी कान खड़े हो गए हैं।

**संजय राउत बोले-ये तो होना ही था**

वहीं इस पूरे प्रकरण को लेकर संजय राउत ने कहा कि हमें पहले से ही पता था कि ऐसा होने वाला है। जल्द ही सीएम बने एकनाथ शिंदे और उनके साथ गए 16 विधायक अयोग्य करार दिए जाएंगे और कुछ ही दिनों में महाराष्ट्र को दूसरा मुख्यमंत्री भी मिल जाएगा। राउत ने बीजेपी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि इस ह्यखेलह्न को लंबे समय तक बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### सभी सांसदों और विधायकों को दिया गया बैठक में शामिल होने का आदेश

**नए हालातों के बीच उद्धव ठाकरे ने मंगलवार को मुंबई के शिवसेना भवन में पार्टी की बड़ी बैठक बुलाई है। इस बैठक में ठाकरे ने शिवसेना के सभी विधायकों, सांसदों और वरिष्ठ नेताओं को मौजूद रहने का आदेश दिया है। यह बैठक मंगलवार को दोपहर 12:30 पर होगी। इसमें राज्य की हालिया राजनीति को लेकर चर्चा होगी और आगामी रणनीति भी बनाई जा सकती है। बता दें कि एक साल पहले एकनाथ शिंदे ने शिवसेना में बड़ी टूट करते हुए बीजेपी के साथ मिलकर सरकार बनाई थी और आज भी कुछ इसी तरह का प्रकरण हुआ है।**



## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### पुरानी भूल से बचे कांग्रेस,

कुछ विपक्षी दलों ने समान नागरिक संहिता पर जिस तरह सकारात्मक और तार्किक रवैया अपना लिया है, उससे कांग्रेस की दुविधा बढ़ जाना स्वाभाविक है। उसे इस दुविधा का परित्याग करने की आवश्यकता है, न कि अपने रवैये पर अड़े रहने की। ऐसा इसलिए, क्योंकि कई विपक्षी नेताओं के साथ कांग्रेस के भी कुछ नेता समान नागरिक संहिता को समय की मांग बता रहे हैं। कांग्रेस को वोट बैंक की सस्ती राजनीति के कारण वैसी कोई भूल करने से बचना चाहिए, जैसी उसने शाहबानो मामले में की थी। इसकी कीमत केवल उसे ही नहीं, देश को भी चुकानी पड़ी।

यदि शाहबानो मामले में राजीव गांधी की सरकार कट्टरपंथी तत्वों के आगे झुकने के बजाय संविधानसम्मत फैसला करती और सुप्रीम कोर्ट के फैसले के साथ खड़ी होती तो आज स्थिति दूसरी होती–न केवल उसकी, बल्कि भारतीय समाज की भी। देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस को यह स्मरण रखना चाहिए कि राजनीतिक दलों का एक प्रमुख काम जनता को दिशा देना और समाज सुधार के काम करना भी होता है। एक समय था, जब कांग्रेस एक राजनीतिक दल के रूप में समाज सुधार के कामों पर भी ध्यान देती थी, लेकिन धीरे–धीरे उसने सामाजिक सुधारों से मुंह मोड़ लिया और केवल वोट बैंक की राजनीति करनी शुरू दी। समान नागरिक संहिता के मामले में यदि विपक्षी दलों के साथ–साथ कांग्रेस के पास कहने को कुछ है तो केवल यही कि आखिर उसकी पहल इसी समय क्यों की जा रही है? यह कुछ वैसा ही कुतर्क है, जैसा अयोध्या मामले में सुप्रीम कोर्ट के समक्ष दिया गया था। तब यह कहा गया था कि इस मामले की सुनवाई आम चुनाव के बाद की जानी चाहिए। समान नागरिक संहिता की पहल इसी समय क्यों, यह कोई सवाल नहीं हुआ। क्या कांग्रेस या फिर अन्य विपक्षी दल यह बता सकते हैं कि इस संहिता की पहल के लिए कौन सा समय उपयुक्त होता? यह प्रश्न इसलिए, क्योंकि जो काम दशकों पहले हो जाना चाहिए था, वह अभी भी लंबित है।

समान नागरिक संहिता का निर्माण लंबित रहना एक तरह से संविधान निमार्ताओं के सपनों को जानबूझकर न पूरा करना है। कांग्रेस को इसकी अनदेखी नहीं करनी चाहिए कि जवाहरलाल नेहरू ने तमाम विरोध के बाद भी हिंदू कोड बिल के मामले में किस तरह दृढ़ रवैया अपनाया था। समान नागरिक संहिता के मामले में विरोध के लिए विरोध वाली राजनीति करने से बेहतर है कि उस पर सकारात्मक दृष्टिकोण से विचार किया जाए। माना जा रहा है कि संसद के आगामी सत्र में सरकार समान नागरिक संहिता का विधेयक लेकर आ सकती है। ऐसा हो या न हो, सभी दलों के लिए उचित यही होगा कि संसद के मानसून सत्र में उस पर व्यापक बहस हो। आखिर जब जनता के बीच उस पर बहस हो रही है तो फिर संसद में क्यों नहीं होनी चाहिए?

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# 6 महीने से मायके से नहीं लौटी पत्नी, तो पति पहुंचा हाई कोर्ट...

## अदालत ने पुलिस को पत्नी को पेश करने का दिया निर्देश, ससुराल वालों की बेरुखी से नाराज है पीड़ित पति




**मुंबई:** पत्नी के मायके से वापस न आने से परेशान पति ने बॉम्बे हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। ससुराल वालों की बेरुखी से नाराज पति ने मांग की है कि पुलिस को उसकी पत्नी को अदालत में पेश करने का निर्देश दिया जाए। पति का 6 महीने से पत्नी से कोई संपर्क नहीं हुआ है। ससुराल से कोई बात करने को राजी नहीं है। इसलिए हर तरफ की उपेक्षा से तंग आकर पति ने अब राहत के लिए न्यायालय की शरण ली है। 13 दिसंबर, 2022 को रमेश पवार (परिवर्तित नाम) कि बांद्रा में हिंदू रीति रिवाज से शादी हुई थी। एक महीने तक पवार का शादीशुदा जीवन बहुत खुशहाली से बीता। 28 जनवरी, 2023 पवार के ससुर और पत्नी के चाचा आए, जो अपनी रिश्तेदारी में विवाह समारोह होने की बात कहकर बेटी को लेकर चले गए। पत्नी के मायके चले जाने के बाद से अब तक पवार का उससे कोई संपर्क नहीं हुआ। पवार ने कोर्ट को बताया कि उसकी पत्नी का फोन बंद आ रहा है, ससुराल वाले कोई कुछ बताने को तैयार नहीं है। कुछ पूछो, तो कोई जवाब नहीं देता है। इसीलिए पवार ने कोर्ट में हैबियस कॉर्पस पिटिशन दायर कर पत्नी को कोर्ट में हाजिर करने की मांग की है ताकि यह पता चल सके कि उसकी पत्नी किस वजह से वापस नहीं लौटी है। जस्टिस रेवती मोहिते ढेरे और जस्टिस ग

ौरी गोडसे की बेंच के सामने पवार की याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान पवार के वकील ने कहा कि उनके मुवक्किल ने 13 दिसंबर, 2022 को 24 वर्षीय ललिता ओझा (परिवर्तित नाम) से वैधानिक तरीके से विवाह किया है। याचिका में शादी को लेकर जोड़ी गई तस्वीरें इसका प्रमाण है। याचिका पर गौर करने के बाद खंडपीठ ने बोरीवली के कस्तूरबा मार्ग पुलिस स्टेशन के संबंधित पुलिस अधिकारी को याचिकाकर्ता की पत्नी को अदालत में हाजिर करने का निर्देश दिया है। कोर्ट में मौजूद पुलिस अधिकारी ने बेंच को भरोसा दिलाया कि वे याचिकाकर्ता की पत्नी को कोर्ट में लाने के लिए सभी जरूरी कदम उठाएंगे। कोर्ट ने अब 7 जुलाई को इस याचिका पर सुनवाई रखी है।

# ईडी अधिकारियो को सभी जरूरत कागजात करे उपलब्ध

## मनपा अतिरिक्त आयुक्त ने बैठक लेकर अधिकारियो को दिया निर्देश




**मुंबई :** कोरोना काल में मुंबई मनपा द्वारा किए गए घोटाले की जांच ईडी द्वारा किया जा रहा है।ईडी कार्रवाई में पिछले दिनो हुई छान बीन और मनपा के सीपीड़ी सैंट्रल पर्चेस अधिकारियो के घर हुई छापे की कार्रवाई में कई महत्वपूर्ण कागजात अधिकारियो के हाथ लगे है। ईडी अधिकारियो की ओर से मनपा आयुक्त को एक पत्र आया है जिसमे कोरोना काल में किए गए खर्च की पूरी जानकारी मांगी गई है।किस ठेकेदार को काम दिया गया और किस तरह पैसे उन्हे दिया गया इसका लेखा जोखा मांगा है।मनपा अतिरिक्त आयुक्त पी वेलारासू गुरूवार को बकराईद की छुट्टी होने के बावजूद मनपा के सभी सहायक आयुक्तों अस्पताल के डीन और मनपा के सिपिडी विभाग जिसके माध्यम से कामों का ठेका दिया सभी विभाग के अधिकारियो को कागजात उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

मनपा अतिरिक्त आयुक्त पी वेलारासू द्वारा गुरूवार को बैठक लेकर ईडी अधिकारियो का सहयोग किए जाने का निर्देश दिए जाने के बाद मुंबई मनपा के सभी 24 वार्ड के अधिकारी उनके वार्ड में कोरोना काल में किए गए कामों और उस पर किए गए खर्च का लेखा जोखा बनाकर मनपा अतिरिक्त आयुक्त के पास दिया जा रहा है।मनपा के सभी 24 वार्ड के अधिकारी वार्ड स्तर पर कोरोना काल में किए गए कामों का लेखा जोखा सौप रहे है।मनपा अतिरिक्त आयुक्त सेंट्रल पर्चेस विभाग द्वारा किए गए कामों सहित वार्ड स्तर पर किए कामों का लेखा जोखा ईडी अधिकारियो को सौपेगे।

# मुंबई का सट्टा चला रहे 10 गिरफ्तार, मुख्य आरोपित सहित तीन फरार...



**मुंबई :** गांधीनगर क्षेत्र में सट्टे के अड्डे पर क्राइम ब्रांच और गांधीनगर थाने की पुलिस ने शुक्रवार को दबिश दी। 10 लोगों को सट्टा गतिविधि संचालित करते रंगेहाथ दबोचा। इनमें धार, उज्जैन और राजस्थान के सटोरिए भी शामिल हैं। पुलिस के अनुसार उन्हें लंबे समय से सूचना मिल रही थी कि कल्याण, मधुर और अन्य लाइन का सट्टा जो बांबे से संचालित किया जाता है, उसमें यहां के कुछ लोग भी सम्मिलित हैं। इसके लिए छह माह पहले भी मनोज तेली के घर दबिश दी थी, लेकिन सबूत के अभाव के कारण कार्रवाई नहीं हो पाई थी। एक सप्ताह से टीम इन पर निगरानी रख रही थी। यहां बांबे का सट्टा संचालित किया जा रहा था। मौके से पुलिस ने 30 से ज्यादा मोबाइल फोन, 19 हजार से पर्चियां, कई लोगों के मोबाइल नंबर मिले हैं।

अलग-अलग टीमों के साथ उक्त मकान पर दबिश दी तो वहां पर मकान मालिक मोहन राठी के साथ मिलकर विशाल राठौर निवासी तराना, देवीसिंह निवासी कृष्णबाग, राजेश मंडोरी निवासी तराना, शाहिद निवासी देवास, कन्हैयालाल निवासी राजस्थान, बेनीप्रसाद, दिलीप तंवर निवासी धामनोद, विकास परमार निवासी धार, जितेंद्र सेन निवासी राजस्थान, रमेश निवासी बिहार सट्टे का बड़े पैमाने पर कारोबार कर रहे थे।




# समंदर से मिलेगी मुंबईकरों को चौथी लाइफ लाइन !

## लोकल, बेस्ट बस और मेट्रो के बाद अब वॉटर ट्रांसपोर्ट पर फोकस...

- समंदर से मिलेगी मुंबईकरों को चौथी लाइफ लाइन
- लोकल, बस, मेट्रो के बाद अब वॉटर ट्रांसपोर्ट पर फोकस
- बेलापुर और ठाणे में समंदर के किनारे बनेगा यात्री टर्मिनल

**मुंबई:** लोकल ट्रेनें न होतीं, तो ये शहर कभी देश की आर्थिक राजधानी न बनता। बेस्ट की बसें न होती, तो लोकल से उतरने के बाद मुंबईकर वक्त पर दफ्तर या घर नहीं पहुंचते। पिछले कुछ सालों में मुंबई की ये दोनों लाइफ लाइन का लोड बढ़ा, तो मेट्रो का जाल बिछाना शुरू किया गया, जो मुंबईकरों के लिए तीसरी लाइफ लाइन का काम करेगी। अब सरकार ने चौथी लाइफ लाइन पर काम करना शुरू कर दिया क्योंकि सात द्वीपों को जोड़कर बने इस शहर का संकट समंदर से ही हल होगा। मुंबई, ठाणे और नवी मुंबई को मिलाकर बने मुंबई मेट्रोपोलिटन रीजन को जोड़ने के लिए सरकार ने बेलापुर (नवी मुंबई) और घोडबंदर (ठाणे) में वॉटर टर्मिनल बनाने का फैसला लिया है।



**कैसे बचेगा समय ?**

मुंबई के पुराने ट्रांसपोर्ट सिस्टम का लोड बहुत बढ़ गया है। आम लोगों के लिए अब भी लोकल ट्रेनें पहली पसंद है, लेकिन इसके अलावा सड़क मार्ग को विकसित करने में सरकार नाकाम रही है। ठाणे का घोडबंदर रोड हो या मुंबई की सड़कें, यहां बारिश में गड्ढों की तस्वीरों ने सरकार का सिरदर्द बढ़ा दिया है। ऐसे में, वॉटर ट्रांसपोर्ट को विकसित करना ही एक विकल्प बचा है। लोकल ट्रेन से भी ठाणे या बेलापुर पहुंच ने के लिए एक से डेढ़ घंटा लगता है, जबकि जलमार्ग से ये रास्ता 30 मिनट में पूरा हो सकता है। फिलहाल, बेलापुर से ऐलिफेंटा के लिए वॉटर टैक्सी चल रही है, लेकिन इसका पूरा लाभ तभी मिलेगा, जब और जगहों पर वॉटर टर्मिनल विकसित किए जाएं।

### एक साल में तैयार होगा ठाणे टर्मिनल

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के क्षेत्र में जेट्टी और यात्री टर्मिनल इमारत एक साल में तैयार हो जाएगी। ठाणे के घोड़बंदर रोड पर जेट्टी पार्किंग और टर्मिनल इमारत के निर्माण पर करीब 3.92 करोड़ रुपये खर्च होंगे। पिछले कुछ सालों में ठाणे का तेजी से विकास हुआ है। घोड़बंदर रोड के करीब रहने वालों की संख्या में कई गुना इजाफा हुआ है। यहां लोगों को ट्रैफिक जाम का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में सरकार नया विकल्प उपलब्ध करवाने की योजना तैयार की है।

### टर्मिनल पर होंगी तमाम यात्री सुविधाएं

MMB के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, बेलापुर में ग्राउंग प्लस एक मंजिला यात्री टर्मिनल तैयार किया जाएगा। यहां वेटिंग रूम, टिकट काउंटर, रेस्ट रूम होगा। टर्मिनल की पहली मंजिल पर ऑफिस होंगे। बेलापुर में यात्री टर्मिनल समेत अन्य सुविधा के निर्माण पर करीब 6.09 करोड़ रुपये खर्च होंगे। ठेकेदार को बेलापुर यात्री टर्मिनल का निर्माण कार्य 18 महीने में पूरा करना होगा। बेलापुर में जेट्टी का निर्माण पहले ही हो चुका है, लेकिन अन्य सुविधा उपलब्ध नहीं होने के कारण दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

### डेढ़ साल में तैयार होंगे टर्मिनल

वॉटर ट्रांसपोर्ट को बढ़ावा देने के लिए महाराष्ट्र मेरी टाइम बोर्ड ने ठाणे के घोड़बंदर रोड और नवी मुंबई के बेलापुर मे जेट्टी पार्किंग और यात्री टर्मिनल तैयार करने का निर्णय लिया है। इसे काम को डेढ़ साल में पूरा करने का दावा किया जा रहा है। टर्मिनल के निर्माण के लिए टटइ ने कॉन्ट्रैक्टर की तलाश शुरू कर दी है। इन दो स्थानों पर पैसेंजर टर्मिनल, जेट्टी पार्किंग समेत अन्य सुविधा के निर्माण पर करीब 10 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

# उद्धव गुट छोड़ने वाले राहुल कनाल का बड़ा एलान !

## बोले-सुशांत सिंह राजपूत-दिशा सालियान हत्या मामले नाम आया तो छोड़ दूंगा पॉलिटिक्स



**मुंबई** : महाराष्ट्र के राजनीतिक हलकों से मिली बड़ी खबर के अनुसार, उद्धव ठाकरे गुट के विधायक रहे राहुल कनाल ने यह एलान किया कि, अगर सुशांत सिंह राजपूत और दिशा सालियान की हत्या मामले उनका जरा भी संलग्न होने का प्रमाण मिलता है, तो वे राजनीति छोड़ देंगे। जानकारी दें कि, महाराष्ट्र की शक्ति और सत्ता गंवाने के बाद से उद्धव गुट को एक के बाद एक तगड़े झटके लग रहे हैं। पता हो कि बीते 1 जुलाई को पूर्व मुख्यमंत्री के बेटे आदित्य ठाकरे के बहुत करीबी राहुल कनाल ने उद्धव गुट का साथ छोड़ दिया है। वहीं वे अब वर्तमान उट एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल हो गए हैं।

वहीं राहुल कनाल ने शिंदे गुट में शामिल होने के बाद कहा कि, मैंने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से सुशांत सिंह राजपूत और दिशा सालियान की हत्या मामले की विस्तृत जांच करने का अनुरोध किया है।।।और अगर मेरा नाम इसमें (हत्या में शामिल) आता है तो मैं राजनीति छोड़ने के लिए तैयार हूं। पता हो कि, उद्धव गुट छोड़ने से पहले कनाल ने उद्धव ठाकरे पर भी गंभीर आरोप लगाए थे। राहुल ने कहा था कि, उद्धव ठाकरे कुछ लोगों के कहने पर और उनकी सलाह से अपनी पार्टी में फैसले लेते हैं। स्वाभिमान नाम की भी कोई चीज होती है। जानकारी दें कि, राहुल कनाल को आदित्य ठाकरे के बेहद करिबियों में गिना जाता था। वह युवा सेना के सक्रिय सदस्य थे। वह, युवा सेना की कोर कमेटी में भी थे हालांकि इसकी कार्यप्रणाली से परेशान होकर उन्होंने कोर कमेटी से दूरी बना ली थी। इससे पहले, राहुल कनाल को शिरडी में साईं बाबा मंदिर ट्रस्ट -श्री साईंबाबा संस्थान ट्रस्ट (एसएसएसटी) के ट्रस्टी के रूप में नियुक्त किया गया था। वह 2017 में बीएमसी की शिक्षा समिति के सदस्य भी थे। वहीं राहुल पेशे से इंड्रस्ट्रियलिस्ट हैंऔर मुंबई की फिल्म इंडस्ट्री में उनके दोस्तों की लिस्ट काफी लंबी है। सलमान खान और जैकलीन फर्नांडीस समेत कई सेलिब्रिटी से उनकी दोस्ती जगजाहिर है। इसके अलावा वह क्रिकेटर विराट कोहली के भी बड़े अच्छे दोस्त हैं।

# टिकटों को ऐप के इश्यूड टिकट सेक्शन से ही दिखाएं

## टिकटों की जालसाजी रोकने के लिए पश्चिम रेल प्रशासन ने यात्रियों से की अपील: पश्चिम रेल

**मुंबई** : टिकट चेकिंग स्टाफ द्वारा जालसाजी के कुछ मामलों का पता लगाने के बाद पश्चिम रेल प्रशासन ने अब उन यात्रियों से जो यूटीएस ऐप से टिकट निकालते हैं, उनसे अपील की है कि वे टिकटों को ऐप के इश्यूड टिकट सेक्शन से ही दिखाएं। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सुमित ठाकुर ने बताया कि इस डिजिटल युग में अधिकतम यात्रियों ने टिकटों की बुकिंग के लिए यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप का विकल्प चुना है। हालाँकि, हाल ही में टिकट चेकिंग स्टाफ द्वारा जालसाजी के कुछ मामलों का पता लगाया गया था, जिनमें एसी ईएमयू ट्रेन के लिए जाली मासिक सीजन टिकटों की पहचान की गई थी। इस तरह की धोखाधड़ी को रोकने और ऐसे जालसाजी मामलों पर नजर रखने के लिए पश्चिम रेल ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे रेलवे के साथ सहयोग करें और यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप के माध्यम से बनाए गए अपने टिकट को केवल यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप के इश्यूड टिकट सेक्शन में ही दिखाएं। अन्य कोई भी माध्यम अमान्य माना जायेगा।




**यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप फायदे ही फायदे**

सेल्फ टिकटिंग को बढ़ावा देने के लिए रेलवे ने यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप लांच किया है। इस ऐप का उपयोग कर सामान्य श्रेणी की यात्रा करने वाले यात्री घर बैठे ही या स्टेशन पहुंचने तक अपना टिकट ऑनलाइन खरीद सकते हैं। रेलवे ने इसके अनगिनत फायदे गिनाए हैं। ठाकुर के अनुसार, ऐप से टिकट निकालने के लिए यात्रियों को कतार में खड़े होने की जरूरत नहीं है। यह कैशलेस और पेपरलेस लेनदेन को सक्षम बनाता है और इससे सभी अनारक्षित यात्रा टिकट, सीजन टिकट और प्लेटफार्म टिकट बुक किए जा सकते हैं। इसके साथ ही यह त्वरित बुकिंग विकल्प से लैस है और इसके अतिरिक्त यह पेपरलेस और पेपर टिकट दोनों के विकल्प (एटीवीएम या बुकिंग विंडो के माध्यम से) उपलब्ध है। टिकट का भुगतान आसानी से इनबिल्ट आर-वॉलेट या डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, यूपीआई आदि का उपयोग करके भुगतान गेटवे के माध्यम से किया जा सकता है। आर-वॉलेट के रिचार्ज पर बोनस मिलता है सो अलग। ठाकुर ने बताया कि सरकार की 'डिजिटल इंडिया' पहल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारतीय रेल द्वारा यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप लॉन्च की गई थी।




# रेलवे अधिकारियों की सक्रियता से भुलक्कड़ यात्रियों को वापस मिले लाखों के समान

**ठाणे :** रेलवे के प्लेटफार्म एवं ट्रेन में अक्सर यात्री अपना सामान भूल जाते हैं। कभी -कभी प्लेटफार्म व ट्रेन में भूले हुए सामान की कीमत लाखों में होती है। भूले हुए सामान की याद आने पर यात्री परेशान हो जाता है और स्टेशन मास्टर कार्यालय ,आरपीएफ एवं जीआरपी का चक्कर लगाने लगता है। कई बार रेलवे अधिकारियों की तत्परता से भुल्लकड़ यात्रियों को उनका सामान वापस मिल जाता है। इसी तरह ठाणे रेलवे स्टेशन के अधिकारियों ने यात्रियों का छूटा हुआ सामान वापस किया है।



**एलसीडी टीवी छोड़कर कल्याण स्टेशन उतर गए**

ठाणे रेलवे स्टेशन के उप व्यवस्थापक रवीश कुमार ने बताया कि चार दिन पहले भारती पाटिल नामक एक महिला का एक बैग प्लेटफार्म न.1 पर छूट गया था। बैग के अंदर डेढ़ लाख नगद, दो तोला सोना व चांदी के आभूषण, कई महत्वपूर्ण दस्तावेज रखे गए थे। स्टेशन पर तैनात एक सुरक्षा रक्षक ने वह बैग ऑफिस में जमा कराया। बैग में मिले दस्तावेजों के आधार पर महिला को बुलाया गया और उसका बैग उसके हवाले कर दिया गया। इसी तरह भिवंडी निवासी राम लाल गुप्ता अपने परिवार के साथ साकेत एक्सप्रेस के बोगी न. एस-1 के बर्थ न.3 पर एक एलसीडी टीवी छोड़कर कल्याण स्टेशन उतर गए। वह एलसीडी उनके बेटे की शादी में मिली थी। सूचना मिलते ही ठाणे स्टेशन पर गाड़ी से टीवी निकालकर उनके हवाले का दिया गया।

### सामान छोड़कर चले जाने की घटनाएं लगातार बढ़ रही ...

इसी तरह चिंचपोकली निवासी सुजाता अपना बैग भूलकर चली गई थी,बैग में 10 हजार रुपया नगद तथा मोबाइल रखा हुआ था। उन्हें भी उनका सामान वापस कर दिया गया है। रवीश कुमार ने बताया की गाड़ियों में अपना सामान छोड़कर चले जाने की घटनाएं लगातार बढ़ रही है। लोग भुलक्कड़ होते जा रहे है। अपने सामान के प्रति सचेत रहने की अपील उन्होंने सभी यात्रियों से की है।

# महाराष्ट्र में इसी हफ्ते हो सकता है कैबिनेट विस्तार....

## देर रात शिंदे-फडणवीस के बीच चला मंथन, विधायकों-मंत्रियों की बैठक

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में इसी हफ्ते मंत्रिमंडल का विस्तार हो सकता है. सीएम एकनाथ शिंदे और डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने आज पार्टी के अहम विधायकों और मंत्रियों की बैठक बुलाई है. सूत्रों के अनुसार, मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर बैठक बुलाई गई है. इसके पहले देर रात तक सीएम-डिप्टी सीएम की बैठक हुई. सूत्रों के मुताबिक, मंत्रिमंडल विस्तार में हो रही देरी के दोनों पार्टी के विधायकों



में नाराजगी है. बीते साल पहली कैबिनेट गठन के बाद राज्य में मंत्रिमंडल का विस्तार नहीं हुआ है. इस समय कैबिनेट में बीजेपी और शिवसेना के 9-9 मंत्री हैं.

**फडणवीस ने कही थी जुलाई में कैबिनेट विस्तार की बात**

### बीते साल अगस्त में हुआ था पहला कैबिनेट विस्तार


साल 2022 के जून में शिवसेना (शिंदे गुट) और बीजेपी ने साथ मिलकर सरकार गठन किया था. उस समय केवल सीएम एकनाथ शिंदे और डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने शपथ ली थी. इसके बाद 9 अगस्त, 2022 को शिंदे कैबिनेट का पहला विस्तार हुआ था और 18 विधायकों ने मंत्री के रूप में शपथ ली थी, जिसमें शिवसेना के शिंदे कैंप और बीजेपी से 9-9 विधायक शामिल थे.

### 23 मंत्रियों की जगह खाली

महाराष्ट्र में नियम के मुताबिक 43 मंत्री बनाए जा सकते हैं. इस में सीएम और डिप्टी सीएम को मिलाकर कैबिनेट में कुल 20 सदस्य हैं. ऐसे में अभी भी 23 मंत्रियों के लिए जगह खाली है.

इसके पहले महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम और बीजेपी नेता देवेंद्र फडणवीस ने शुक्रवार (30 जून) को कहा था कि राज्य में जुलाई में मंत्रिमंडल का विस्तार हो सकता है. ये पहला मौका था, जब बीजेपी नेता ने मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर एक समय सीमा भी बताई. फडणवीस ने कहा था कि कैबिनेट विस्तार पर मुख्यमंत्री निर्णय लेंगे. ये जुलाई में होगा.

## नागपुर के पास बोरखेड़ी फ्लाईओवर से रेलवे ट्रैक पर गिरी तेज रफ़्तार कार, 5 घायल



**नागपुर :** महाराष्ट्र से मिली एक सनसनीखेज खबर के अनुसार, आज उपराजधानी नागपुर में सुबह करीब 7.30 बजे यहां के बोरखेड़ी फ्लाईओवर से एक तेज रफ्तार कार सीधे निचे रेलवे ट्रैक पर गिर गई। इस हादसे में कार सवार 5 लोग घायल हो गए हैं। वहीं घायलों को इलाज के लिए स्थानीय निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले पर स्थानीय बुटीबोरी पुलिस ने जानकारी दी कि, आज सुबह 7.30 बजे नागपुर को जाती बोरखेड़ी फ्लाईओवर से एक तेज रफ्तार कार रेलवे ट्रैक पर जा गिरी। इस हादसे में कार सवार 5 लोग घायल हो गए हैं। वहीं घायलों को इलाज के लिए स्थानीय निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले पर विवरण का इंतजार है।

# ठाकरे गुट के खिलाफ बीजेपी का बड़ा फैसला...

## 'आक्रोश आंदोलन' को लेकर आशीष सेलार ने कही ये बात



**महाराष्ट्र:** बुलढाणा में हुए भीषण हादसे के बाद मुंबई बीजेपी ने बड़ा फैसला लिया है. बुलढाणा में डिवाइडर से टकरा कर बस में अचानक आग लग गई जिसके कारण बस में सवार 25 लोगों की जलकर मौत हो गई. इसके बाद अब बीजेपी ने ऐलान किया है कि मुंबई में 'आक्रोश आंदोलन' आज नहीं होगा. मुंबई बीजेपी अध्यक्ष और विधायक आशीष शेलार ने इस बारे में ट्वीट कर दी जानकारी दी है. अब ये 'आक्रोश आंदोलन' कब होगा इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है. आशीष शेलार ने कहा, ''बुलढाणा में हुए दर्दनाक हादसे से पूरा महाराष्ट्र शोक में है. शोक में डूबे परिवार के प्रति हमारी संवेदना है! प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी शोक जताया है.ह्व आशीष शेलार ने उद्धव ठाकरे गुट पर निशाना साधते हुए कहा, इस पूरी घटना की गंभीरता को देखते हुए हमने 'आक्रोश आंदोलन' नहीं करने का फैसला किया है. ये दुखद दिन है, हम आज कुछ नहीं कहेंगे, लेकिन हम उन लोगों से जवाबदेही की मांग करते रहेंगे जिन्होंने मुंबईकरों को लूटा.'

यात्री बस नागपुर से पुणे की ओर जा रही थी. हादसा आधी रात के करीब हुआ. बस नागपुर, वर्धा और यवतमाल से यात्रियों को लेकर जा रही थी. यह विदर्भ ट्रेवल्स की बस थी. बस सिंदखेड़ाराजा के पास पिंपलखुटा गांव के पास समृद्धि राजमार्ग पर एक सड़क डिवाइडर से टकरा गई और बस में आग लग गई.

# महाराष्ट्र हादसा: चालक ने बोला झूठ

## टायर फटने या तेज रफ्तार से नहीं हुआ हादसा, जांच के बाद RTO ने किया यह दावा

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के बुलढाणा में हुए दर्दनाक बस हादसे की वजह टायर फटना नहीं था, जैसा कि ड्राइवर ने पुलिस को बताया है। अमरावती के क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) ने टायर फटने या तेज रफ्तार के चलते बस के पलटने की संभावना को खारिज कर दिया है। आरटीओ का कहना है कि घटनास्थल पर रबर के टुकड़े या टायर के कोई निशान नहीं मिले। घटना के प्रभाव का निशान व्हील डिस्क पर था, जो मुड़ा हुआ था। आरटीओ ने हादसे में जिंदा बचे लोगों से बातचीत और मौके का मुआयना करने के बाद तैयार की



रिपोर्ट में यह बात कही है। रिपोर्ट के मुताबिक, जीवित बचे एक यात्री ने बताया कि बस सड़क के दाईं ओर एक स्टील के खंभे से टकराई थी जिससे चालक ने नियंत्रण खो दिया, जिसके बाद बस डिवाइडर से टकराई और पलट गई। रिपोर्ट में यह भी है कि बस की गति बहुत अधिक नहीं रही होगी।

**एमबीए करने पुणे जा रही थी राधिका, बुलढाणा में थम गई जीवन की यात्रा**

एमबीए करने पुणे जा रही अमरावती की राधिका अपनी मां से यह कहकर घर से निकली थी कि जल्द लौटूंगी, लेकिन राधिका की जीवन यात्रा बुलढाणा के पिंपलखुटा गांव में ही खत्म हो गई। इसी तरह वर्धा की अर्वति पोहनेकर अपनी मां का सहारा थीं। वह भी शुक्रवार को विदर्भ ट्रेवल्स की स्लीपर बस से पुणे जा रहीं थीं, लेकिन अब मां की देखभाल के लिए वह दुनिया में नहीं है। एक्सप्रेस-वे के निर्माण की खराब गुणवत्ता की आलोचना को दरकिनार करते हुए फडणवीस ने कहा, निर्माण में कोई कमी नहीं है। एक्सप्रेस-वे पर अब तक हुए हादसों में सिर्फ वाहन और मानवीय गलती ही सामने आई है। पीएम मोदी ने 520 किमी लंबे नागपुर मुंबई समृद्धि महामार्ग के चरण 1 का उद्घाटन पिछले साल दिसंबर में किया था। मैंने पिछले हफ्ते ही एक्सप्रेस-वे पर दुर्घटनाओं की संख्या पर चिंता व्यक्त की थी।

### हादसों को रोकने के लिए कुछ नहीं कर रही सरकार : उद्धव

शिवसेना (यूबीटी) अध्यक्ष व पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, सरकार समृद्धि एक्सप्रेस-वे पर हादसों को रोकने के लिए कुछ नहीं कर रही है। बुलढाणा के दुर्भाग्यपूर्ण हादसे से तो सरकार की नींद टूटनी चाहिए। अब तक 300 से अधिक लोग इस एक्सप्रेस वे पर हुए हादसों में जान गंवा चुके हैं।

# 'पैसों की सियासत वेश्याओं की राजनीति की तरह'

## महाराष्ट्र में KCR की एंट्री पर सामना का तंज

**महाराष्ट्र :** तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव महाराष्ट्र में अपनी पार्टी भारत राष्ट्र समिति की जड़ें मजबूत करना चाहते हैं, जिसके चलते केसीआर हाल ही में अपने दो दिन के दौरे पर सोलापुर पहुंचे. इस मौके पर सीएम केसीआर के साथ राज्य के मंत्री, एमएलसी, सांसद, विधायक और पार्टी के वरिष्ठ नेता का एक विशाल काफिला था. वहीं महाराष्ट्र में इस तरह की राजनीतिक एंट्री के बाद अब उद्धव गुट वाली शिवसेना ने अपने मुखपत्र 'सामना' के संपादकीय में केसीआर पर जमकर हमला बोला है. सामना में लिखा गया, 'महाराष्ट्र की राजनीति में तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने अपना काफिला घुसा दिया है. कल तक यही के.सी.आर. घोर बीजेपी



विरोधी के तौर पर खड़े थे. महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे और शरद पवार से मिलकर गए. उन्हीं महाशय ने अब यू-टर्न ले लिया है. वो महाराष्ट्र में बीजेपी की मदद के लिए ही घूम रहे हैं. महाराष्ट्र की राजनीति किसी दौर में प्रगतिशील विचारों का मजबूत गढ़ हुआ करती थी. बाहरी विचारों के कीड़े यहां नहीं घुसते थे. अब महाराष्ट्र की अवस्था ढहते किले की तरह हो गई है.

**'सीएम पद पर कौन बैठना चाहता है, ये अब केसीआर तय करने लगे हैं'**

सामना में ये भी लिखा है, ''अमित शाह से लेकर तेलंगाना के सीएम के. चंद्रशेखर राव तक जो भी उठता है, वो महाराष्ट्र की राजनीति और अर्थव्यवस्था पर कब्जा करने की ख्वाहिश रखता है. यह मराठी राज्य के लिए खतरे की घंटी है. स्वाभिमानी शेतकरी संगठन के प्रमुख राजू शेट्टी ने एक बयान दिया है कि 'चंद्रशेखर राव ने हमको महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद का 'ऑफर' दिया है!' महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद पर कौन बैठना चाहता है, ये अब केसीआर तय करने लगे हैं. प्रकाश आंबेडकर और राव में भी मेल-मुलाकात हुई. '' संपादकीय में आगे लिखा है कि तेलंगाना राष्ट्र समिति केसीआर की मूल क्षेत्रीय पार्टी है. राव ने इसे 'भारत राष्ट्र समिति दल' में तब्दील कर दिया क्योंकि उन्हें राष्ट्रीय राजनीति में कदम रखना है. उन्हें ऐसा करने की आवश्यकता क्या थी? यह एक रहस्य ही है.

सामना में लिखा है, ''कलेश्वरम् लिफ्ट सिंचाई योजना देश में सबसे बड़ा घोटाला है और इस योजना में कम से कम 70 हजार करोड़ रुपयों की लूट हुई है लेकिन बीजेपी और केंद्र सरकार इस पर चुप्पी साधे हुए है. कलेश्वरम्-सिंचाई योजना की लागत वैसे बढ़ाई गई और उसमें 'कमीशन' कहां घुमाया गया, ये खुला रहस्य है.

# कचरे से उठाकर फुटपाथ पर सस्ते में बेचा जा रहा है आलू प्याज...



**नवी मुंबई :** पिछले कुछ दिनों से भारी बारिश होने की वजह से एपीएमसी बाजार में आने वाली सब्जियां तथा आलू प्याज भीगने के कारण खराब हो जाते हैं जिसकी वजह से कई व्यापारी इसे कूड़े में फेंक देते हैं लेकिन कुछ लोगों द्वारा फेंके गए सड़े हुए प्याज और आलू को उठाकर बिक्री के लिए ले जाया जा रहा है.कचरे से बीने गए आलू प्याज को फुटपाथ पर सस्ती कीमतों में बेचा जा रहा है। लगातार हो रही बरसात की वजह से बाजार में भीगा हुआ प्याज तथा आलू आ रहा है, इसकी वजह से आलू और प्याज की क्वालिटी भी खराब हो रही है आलू प्याज की एक बोरी में यह काफी मात्रा में खराब हो जाता है। व्यापारी इस सड़े हुए प्याज को कूड़े में फेंक रहे हैं।जिसे कुछ लोग बीनकर बाजार में बेच रहें हैं वाशी एपीएमसी का एक वीडियो सामने आया है कि खुदरा विक्रेता इस सड़े हुए प्याज को कूड़े से इकट्ठा कर रहे हैं. खास बात यह है कि रिक्शे किनारे खड़े कर कूड़े से बोरियों में प्याज भरकर ले जाने की बात सामने आई है और मंडी परिसर के सुरक्षा गार्ड व एपीएमसी प्रशासन द्वारा अनदेखी किए जाने की बात सामने आई है। यह। यह वीडियो वायरल होने के बाद कहा जा रहा है कि पैसा कमाने के चक्कर में लोगों के सेहत के साथ इस तरह से खिलवाड़ नहीं किया जाना चाहिए,

## संवेदनशील संस्थानों में काम कर रहे अधिकारियों को हनीट्रैप में फसाने की कोशिश

# खुफिया एजेंसी ने जारी किया अलर्ट




**मुंबई :** पाकिस्तान के कई शहरों में आईएसआई ने कॉल सेंटर बनाए हैं। इसके जरिए हिंदुस्तान में संवेदनशील संस्थानों में काम कर रहे अधिकारियों को हनीट्रैप में फंसाने के लिए सैकड़ों की संख्या में लड़कियों को भर्ती किया गया है। जानकारी के मुताबिक, पाकिस्तान के लाहौर, रावलपिंडी कराची और इस्लामाबाद जैसे शहरों में कॉल सेंटर ऑपरेट किए जा रहे हैं।

देश की खुफिया एजेंसियों ने पिछले महीने ही खुलासा किया था कि कराची के कॉल सेंटर से फर्जी कॉल कराकर हिंदुस्तानी सुरक्षाबलों को हनीट्रैप के जाल में फंसाने की साजिश रची जा रही है। आईएसआई हिंदुस्तानी रक्षा संस्थाओं से जुड़े अधिकारियों और जवानों को हनीट्रैप में फंसाने के लिए अपने ऑपरेशन में तेजी लाई है। पिछले दिनों डीआरडीओ के एक साइंटिस्ट की हनीट्रैप के आरोप में हुई गिरफ्तारी के बाद खुफिया एजेंसियों ने यह बड़ा खुलासा किया था। पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई अब यूपी पुलिस को टारगेट कर रही है। हिंदुस्थानी खुफिया एजेंसियों ने इसकी भनक लगते ही अलर्ट जारी कर दिया है।आईएसआई की विंग पीआईओ इस काम को अंजाम दे रही है। इसके तहत यूपी पुलिस के अफसरों और उनके परिवारों को हनी ट्रैप में फसाने की कोशिश की जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार इंटेलिजेंस मुख्यालय ने इस संबंध में सभी पुलिस कमिश्नर, जिलों के एसपी, आईजी रेंज, एडीजी जोन के साथ-साथ पुलिस विंग के सभी चीफ को पत्र भेजकर अलर्ट कर दिया है। पत्र में बताया गया है कि हिंदुस्थानी मोबाइल नंबरों से सुंदर महिलाओं की तस्वीरों का इस्तेमाल कर सोशल मीडिया प्रोफाइल बनाकर अफसर और उनके परिवारों को फंसाने की कोशिश की जा रही है। इसके बाद उनसे देश की सुरक्षा से जुड़ी गोपनीय जानकारी जुटाने की कोशिश हो रही है। इसलिए सभी अधिकारी अपनी यूनिट के कर्मचारियों को हनीट्रैप को लेकर अलर्ट करें। जानकारी के मुताबिक स्पाइवेयर लिंक के जरिए इन्फेक्टेड फाइल भेजकर डाटा हैकिंग की जा रही है। सोशल मीडिया पर बिना जान पहचान वाले लोगों से संपर्क को लेकर अफसरों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए

## मुंबई अमदाबाद हाइवे:

# पुल पर गड्ढे तो अतिक्रमण से हाइवे पर घुटनों तक जलजमाव

**मुंबई :** मुंबई अमदाबाद हाइवे पर वसई के पास बना नया पुल और वहां अतिक्रमण है, जिसका खामियाजा यहां से गुजरने वाले वाहनधारकों को भुगतना पड़ रहा है। एक दिन पहले हुई जोरदार बारिश में वाहनधारकों को जहां वसई के नए पुल पर बड़े पैमाने पर गड्ढों का सामना करना पड़ा तो वहीं इस पुल से चिंचोटी तक सड़क पर घुटना भर पानी जमा होने से पूरा मार्ग चार घंटे तक जाम रहा। लोगों को आने-जाने में बड़ी दिक्कत हुई। जिसे लेकर लोगों में सरकार और एनएचएआई के अधिकारियों के खिलाफ आक्रोश है। लोगों ने भारी नाराजगी जताते हुए कहा कि भ्रष्ट सरकार के भ्रष्ट अधिकारियों की करतूत की सजा आम जनता को क्यों मिल रही है।



बता दें कि वसई पुल से चिंचोटी तक दोनों तरफ अतिक्रमण शुरू है। यहां बड़े पैमाने पर मिट्टी पाटी जा रही है। सड़क के दोनों तरफ ऊंचे-ऊंचे टीले बना दिए गए हैं, जिसकी वजह से यहां हाइवे से पानी की निकासी नहीं हो पाई और यहां लगभग ४ किमी तक हाइवे नदी में तब्दील हो गया था। इसके कारण वाहनों की आवाजाही ठप हो गई। लोग चार घंटे से अधिक समय तक फंसे रहे। इस बीच एनएचएआई के अधिकारी अन्य कोई भी मदद अथवा राहत कार्य के लिए नजर नहीं आया। उधर वसई पुल को २४७ करोड़ रुपए खर्च कर चंद महीने पहले बनाया गया है। इस पर पहले ही मानसून में काफी गड्ढे बन गए हैं। हालांकि, एनएचएआई लीपापोती करते हुए उन गड्ढों की मरम्मत में लग गई है, लेकिन वह भी ठीक-ठाक से नहीं हो रहा है। निकृष्ट दर्जे की इस सड़क को लेकर यात्रियों, कार्यकताओं और राजनेताओं ने मांग की है कि २४७ करोड़ रुपए की परियोजना के लिए नियुक्त एनएचएआई अधिकारियों को भी दंडित किया जाए तो हाइवे के आस-पास अतिक्रमण को भी हटाया जाए।

# अमेरिका में खत्म हुआ आरक्षण

## फैसले से खुश नहीं हैं राष्ट्रपति जो बाइडन



### नस्ल और जातीयता के आधार पर कॉलेज में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जा सकती है: सुप्रीम कोर्ट

अमेरिक के सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को अफ्रीकी-अमेरिकियों और अन्य अल्पसंख्यकों के लिए देश के विश्वविद्यालयों में आरक्षण के आधार पर दाखिला खत्म कर दिया है। एक दशक पुरानी प्रथा को पलटते हुए अमेरिका के सर्वोच्च अदालत ने यह फैसला सुनाया है। नस्ल और जातीयता के आधार पर नामांकन पर प्रतिबंध लगा दिया। यह निर्णय रो बनाम वेड मामले में सुनाया गया है। अदालत ने अपने फैसले में कहा है कि नस्ल और जातीयता के आधार पर कॉलेज में प्रवेश की अमुमति नहीं दा जा सकती है। इससे उच्च शैक्षणिक संस्थानों में प्रतिभावान छात्रों के दाखिले के अवसर कम होंगे। मुख्य न्यायाधीश जॉन रॉबट्र्स ने कहा कि बहुत लंबे समय से विश्वविद्यालयों ने गलत तरीके से यह निष्कर्ष निकाला है कि किसी व्यक्ति की पहचान की कसौटी चुनौतियों, निर्मित कौशल या सीखे गए सबक नहीं बल्कि उनकी त्वचा का रंग है। एसोसिएटेड प्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हमारा संवैधानिक इतिहास उस विकल्प को बर्दाश्त नहीं करता है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इस फैसले पर अपनी असहमति जतायी है। व्हाइट हाउस ने जो बाइडेन के हवाले से कहा, 'उन्हें विविध पृष्ठभूमि और अनुभव वाले छात्र निकायों को सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता नहीं छोड़नी चाहिए जो पूरे अमेरिका को प्रतिबिंबित करते हैं।'

## दुकान पर गिरी आसमानी बिजली से भारी नुकसान



**पड़ाव(चन्दौली)।** बीती रात आसमानी बिजली कड़क के साथ तेज मूसलाधार बारिश में स्थानीय चौराहे से पड़ाव रामनगर मार्ग स्थित बाबा स्वीट हाउस नामक दुकान पर आसमानी बिजली गिरने से जनरेटर, एसी,पंखा,कूलर फ्रिज, इनवर्टर इत्यादि सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान जल गया। वही दुकान के छत पर रह रहे कारीगर बाल बाल बचे।

बाबा स्वीट हाउस के मालिक सूरज कुमार मौर्य ने बताया कि बृहस्पतिवार को रात में तेज गरज तड़क के साथ मूसलाधार बारिश हो रही थी और हम दुकान को बंद करने की तैयारी कर रहे थे। तभी अचानक आसमानी बिजली गिरने से दुकान में लगे सारे बिजली के उपकरण जल गए। आसमानी बिजली गिरने लगभग लाखो का नुकसान हुआ है ।

## नवोदय विद्यालय में चयन होने पर किया सम्मानित

**पीडीडीयू नगर।** विकास खंड सकलडीहा के एसबी पब्लिक स्कूल चंदौली खुर्द के पांच बच्चों का चयन नवोदय विद्यालय में होने पर शुक्रवार को विद्यालय में इनको मेडल देकर सम्मानित किया गया।

नवोदय विद्यालय में कक्षा छह के प्रवेश के लिए 29 अप्रैल को सकलडीहा ब्लॉक के अभ्यर्थियों का परीक्षा सेंट जोसेफ विद्यालय चहनिया में कराया गया था। जिसका परिणाम 21 जून को घोषित होने के बाद एसबी पब्लिक स्कूल चंदौली खुर्द के अनीश पटवा, भावेश मौर्य,स्वाति गुप्ता, ब्यूटी मौर्या ,महिमा प्रजापति बच्चों ने अपना परिचय लहराया। इसकी जानकारी होते ही शुक्रवार को विद्यालय प्रांगण में अध्यापकों द्वारा नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए चयनित इन बच्चों को समारोह पूर्वक मेडल देकर सम्मानित किया गया।



इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक श्याम बदन यादव ने कहा कि अध्यापकों व बच्चों के मेहनत का यह प्रतिफल है। इनके उज्जवल भविष्य कि हम सभी लोग कामना करते हैं।

सम्मानित करने वालों में मुख्य रूप से राधेश्याम पाल,अर्जुन मौर्य,रविंद्र श्रीवास्तव,लक्ष्मण प्रसाद, आंचल यादव, नरोत्तम प्रसाद ,प्रभु नारायण प्रसाद, राम नवल गुप्ता, राकेश प्रजापति आदि शामिल रहे।

## मेरा गांव मेरा गौरव के रूप में गांव होगा विकसित - दिव्या मित्तल

### एक नई पहल पर गांवों को विकसित करने हेतु जिलाधिकारी ने राजगढ़ में प्रधानों से किया संवाद

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी ने शुक्रवार को दोपहर में राजगढ़ विकास सखंड के ब्लॉक सभागार में मेरा गांव, मेरा गौरव, के गौरव पूर्ण इतिहास के स्वर्णिम भविष्य कार्यक्रम के तहत ग्राम प्रधानों से संवाद कायम कर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा किया।

जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने ग्राम प्रधानों से रूबरू होते हुए कहा कि गांव की ऐतिहासिक स्मृतियां चित्रों के माध्यम से गांव में दशार्या जाए, जिससे ग्राम की ऐतिहासिक



धरोहर के बारे में गांव के नागरिकों की पहचान बने। उन्होंने धरोहर चित्र एवं छाया महोत्सव, स्वच्छता में आस्था, स्वास्थ्य चक्र, मनोहर दृश्य, प्रेरणा गंगा, ज्ञान गंगा, भविष्य का उड़ान आदी विषयों पर ग्राम प्रधानों से मंथन कर ग्रामीण विकास को सर्वांगीण विकास की बात कही। होनहार बच्चों को आने वाले भविष्य के बारे में चिंतन कराना, गांव को स्वच्छ बनाना, महिलाओं को उनके जीवन में आने वाली समस्याओं से रूबरू कराना, उस पर जागरूक करना, आदि विषयों के संबंध में पर चर्चा कर गांव महोत्सव के रूप में एक कार्यक्रम करने पर बल दिया।

उन्होंने डीपीआरओ के माध्यम से राजगढ़ ब्लाक को विकसितत ब्लॉक बनाने के उद्देश्य से ग्राम पंचायतों को विकसित करने का संकल्प प्रधानों से लिया। इस अवसर पर डीपीआरओ डीपीआरओ अरविंद जायसवाल, एसडीएम अश्विनी सिंह, ब्लाक प्रमुख गजेंद्र प्रताप सिंह, प्रधान संघ अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह, इंस पटेल, गुलाब मौर्या, रविशंकर पटेल, आशीष जायसवाल, महेश प्रसाद सहित कई सभी प्रधान उपस्थित रहे।

# जिला प्रशासन के हस्तक्षेप से नाराज चेकपोस्ट प्रभारी ने बंद किया राजस्व वसूली

## 6 हजार की जगह 1500 की राशिद काटने का अधिकारियों ने दिया था मौखिक आदेश

**अनूपपुर।**

मध्य प्रदेश की सीमा एवं अनूपपुर जिले के अंतिम छोर पर स्थित खूंटा टोला चेकपोस्ट में चेक पोस्ट प्रभारी द्वारा दो गाड़ियों को रोक कर नियम कानून के तहत की जा रही कार्यवाही को लेकर विवाद तूल पकड़ रहा है। आरटीओ विभाग के कार्यों में जिला प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद आरटीओ प्रभारी द्वारा जिले के चेक पोस्ट पर राजस्व की वसूली और गाड़ियों की चेकिंग पूर्णता बंद कर दी गई है, जिससे प्रशासन को राजस्व की हानि हो रही है। दरअसल मामला खुटाटोला चेक पोस्ट में पदस्थ महिला अधिकारी ने चेकिंग के दौरान दो वाहनों पर कमी पाए जाने पर 6000 की रसीद काट का जुर्माना लगाने की बात कही थी।

जिस पर ड्राइवरों द्वारा सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत की गई थी। गुरुवार को जिला प्रशासन द्वारा शिकायत पर जांच करने के लिए एक जांच दल बनाकर भेजी गई, कई घंटों तक खूंटा टोला आरटीओ पर चली जांच के बाद अधिकारियों द्वारा 1500 रुपये की रसीद कटने का मौखिक आदेश गाड़ी छोड़ने के लिए थे। जिस आरटीओ प्रभारी द्वारा नियम कानून के अनुसार चालानी कार्यवाही करने की बात कही थी।

### जिला प्रशासन के हस्तक्षेप से कार्यवाही या हो रही प्रभावित

आरटीओ चेक पोस्ट प्रभारी का कहना है कि जिला प्रशासन द्वारा कार्यवाही यों में हस्तक्षेप करने के कारण राजस्व की वसूली और चेकिंग की कार्यवाही प्रभावित हो रही है। प्रशासन ट्रांसपोर्ट एवं ड्राइवरों के दबाव में आकर 6 हजार रूपए की रसीद 1500 सौ रुपए में कटवाना चाह रहा हैं। जो की पूरी तरह से गलत है। मीनाक्षी गोखले ने कहा कि चेक पोस्ट को बंद कर देना चाहिए लेकिन हम इस तरह के दबाव में काम नहीं कर सकते।

दरसल मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ की सीमा स्थित अंतर्राज्यीय परिवहन चेकपोस्ट खूंटा टोला में जिला प्रशासन की संयुक्त टीम के द्वारा छत्तीसगढ़ से मध्य प्रदेश की सीमा में प्रवेश करने वाले दो ट्रक चालकों से नियम के विपरीत 6 हजार रुपये के रसीद कटवाने की मिली शिकायत की जांच में पहुंची थी।संयुक्त टीम में अनूपपुर के संयुक्त कलेक्टर जेपी धुर्वे, एसडीएम अनूपपुर दीपशिखा भगत ,जैतहरी तहसीलदार टीएस नागदेवे शामिल थे । जिनके द्वारा लगभग 5 घंटे तक जांच की गई और चेक पोस्ट प्रभारी उपनिरीक्षक मीनाक्षी गोखले को जांच हेतु खड़े कराए गए दो ट्रकों की पन्द्रह सौ रुपये की रसीद काटकर उन्हें छोड़ने के लिए जांच टीम ने मौखिक आदेश दिए।

### कमियों पर की जा रही थी चलानी कार्यवाही : गोखले

वही चेक पोस्ट प्रभारी मीनाक्षी गोखले ने कहा कि जांच के लिए खड़े कराए गए दो ट्रक में कमियां पाए जाने के बाद चालकों से 6 हजार की रसीद कटवाने के लिए कहा गया था जो शासन के नियम में है। लेकिन ट्रक चालकों द्वारा जिला प्रशासन को इसकी शिकायत की गई। जिस की संयुक्त टीम ने जांच की संयुक्त टीम के द्वारा मौखिक रूप से पन्द्रह सौ रुपये की रसीद काटकर उन्हें छोड़ने के लिये कहा गया, लेकिन जब तक लिखित आदेश नहीं दिया जाता ।तब तक मैं नियम के विपरीत कार्य नहीं करूंगी। वहीं उन्होंने यह भी कहा कि प्रशासन के बार–बार हस्तक्षेप के कारण कार्य करने में परेशानी हो रही है। मैं अपने विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को इससे अवगत कर आऊंगी। उनका जैसा निर्देश होगा। वैसा कार्य करूंगी ।हम अभी शासन का कार्य कर रहे हैं। शासन चाहे तो परिवहन चेकपोस्ट बंद करा दे और हमें विभागीय कार्य में अटैच कर दें। लगभग 24 घंटे बीत गए है। वही चेक पोस्ट के अधिकारी एवं कर्मचारी रामनगर और खूंटा टोला दोनों चेक पोस्ट पर अपना काम बंद कर विरोध जता रहे हैं।

**इनका कहना है।**

आरटीओ चेक पोस्ट का काम ही है वाहनों को रोक कर उनके दस्तावेज को चेक करना लेकिन लगातार मिल रहे दबाव के कारण हम काम करने में असमर्थ हैं जिसकी जानकारी हमने उच्च अधिकारियों को देदी है व जिले के चेक पोस्ट में चेकिंग बंद कर दी गई।

**मीनाक्षी गोखले**
**चेक पोस्ट प्रभारी रामनगर**

# मोहर्रम कमेटी की बैठक आज

***उमरिया।*** *शहर की एकता और सदभावना की मिशाल मोहर्रम पर्व की तैयारी के सिल-सिले में 01 जुलाई 2023 को सायंकाल 7 बजे इमामबाड़ा में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई है । जिसमें मोहर्रम कमेटी के सदस्य अखाड़ेवाले ताजियादार, मुरादगाह के समस्त सदस्यों से अनिवार्य रूप से बैठक में उपस्थित होने को कहा गया है । ज्ञात हो कि आयोजित बैठक में पर्व के दौरान साफ सफाई विद्युत व्यवस्था आदि के संबंध में चर्चा की जायेगी।*

# पकरिया में स्व-सहायता समूह की लखपति दीदियों, ग्राम सभा सदस्यों, गाँवों के फुटबाल खिलाड़ियों तथा जनजातीय प्रतिनिधियों से करेंगे चर्चा

## लालपुर के मुख्य समारोह में एक करोड़ आयुष्मान कार्डों के वितरण की करेंगे शुरूआत

**शहडोल।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का एक जुलाई को मध्यप्रदेश के शहडोल में आगमन हो रहा है। प्रधानमंत्री मोदी यहां विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय स्तर पर सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन की लांचिंग और पीवीसी आयुष्मान कार्डों के वितरण का शुभारंभ भी करेंगे।

***सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन का होगा शुभारंभ:*** प्रधानमंत्री मोदी शहडोल में राष्ट्रीय स्तर पर सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन 2047 का भी शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम में केन्द्र सरकार के स्वास्थ्य, जनजातीय कार्य, आयुष मंत्रालय और देश के 17 राज्यों के प्रतिनिधि ऑनलाइन शामिल होंगे। कार्यक्रम में प्रदेश के 20 जनजातीय बहुल जिलों के 89 विकास खण्ड के करीब 3 हजार हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर्स के 2 लाख से अधिक हितग्राहियों को सिकल सेल जेनेटिक काउन्सलिंग कार्ड का वर्चुअली वितरण किया जाएगा। इन कार्डों में सिकल सेल एनीमिया के परीक्षण के बाद उसकी रिपोर्ट होगी। प्रधानमंत्री मोदी सिकल सेल ऑपरेशन गाइड-लाइन का अनावरण, नेशनल सिकल सेल पोर्टल एवं डेश बोर्ड का भी शुभारंभ करेंगे। सिकल सेल मेनुअल का भी अनावरण होगा। कार्यक्रम का प्रदेश के 25 हजार 500 से अधिक स्थानों पर सीधा प्रसारण होगा। इनमें प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के साथ सिविल अस्पताल, जिला अस्पताल, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर, चिकित्सा महाविद्यालय, शहरी स्थानीय निकाय और नगर निगम मुख्यालय शामिल हैं।

### पीवीसी आयुष्मान कार्ड का वितरण

प्रधानमंत्री मोदी शहडोल में पीवीसी आयुष्मान कार्ड वितरण योजना का शुभारंभ करेंगे। देश में पहली बार प्रदेश में 3 करोड़ 57 लाख आयुष्मान हितग्राहियों को डिजिटल आयुष्मान कार्ड का वितरण किया जा रहा है। प्रधानमंत्री द्वारा योजना के शुभारंभ के बाद ग्राम पंचायत और नगरीय निकाय स्तर पर जन–प्रतिनिधियों की उपस्थिति में पीवीसी आयुष्मान कार्ड वितरित किए जाएंगे। इसके लिए पंचायत स्तर पर आयुष्मान ग्राम सभा होगी, जिसमें आयुष्मान हितग्राहियों के नाम पढ़े जाएंगे। नगरीय निकायों में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के लाइव प्रसारण की व्यवस्था की गई है।

### लखपति दीदियों, ग्रामसभाओं, फुटबाल खिलाड़ियों और जनजातीय मुखियाओं से संवाद

प्रधानमंत्री मोदी शहडोल के ग्राम पकरिया में सायं लखपति दीदियों से संवाद करेंगे। महिला स्व–सहायता समूह में जिन दीदियों की वार्षिक आय एक वर्ष में एक लाख रुपये से अधिक होती है, उन्हें लखपति दीदी कहा जाता है। दीदियों ने मेहनत और परिश्रम से अपनी आर्थिक स्थिति सुधारी है। मध्यप्रदेश में पेसा एक्ट लागू हुआ है। कई ग्राम सभाओं ने तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य किया है, ऐसी ग्राम सभाओं से भी प्रधानमंत्री मोदी का संवाद होगा। प्रधानमंत्री मोदी शहडोल के आस–पास गाँव–गाँव में सक्रिय फुटबाल क्लबों के सदस्यों से भी बातचीत करेंगे।

# गुरु पूर्णिमा के अवसर पर शहर में निकलेगी भव्य शोभायात्रा

## चल समारोह का प्रमुख आकर्षण होगा उज्जैन महाकाल सवारी का भीम कड़ा

**रीवा ।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर शिर्डी साईं संस्थान, कोठी कंपाउंड रीवा द्वारा गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी वृहद कार्यक्रम का आयोजन करने जा रहा है। इस संबंध में आयोजित संयुक्त पत्रकार वार्ता में शिर्डी साईं संस्थान के अध्यक्ष अजय धमीजा ,प्रमुख पुजारी मनसुखलाल एवं ज्योतिर्विद राजेश साहनी ने बताया कि साईं मंदिर रीवा में सुबह से ही कार्यक्रम प्रारम्भ हो जाएंगे। इस दौरान प्रातः 4:00 बजे कांकर आरती, 5ः00 बजे मंगल स्नान एवं 6:00 बजे भव्य आरती का आयोजन होगा।



तत्पश्चात 6:30 बजे महाआरती, 8ः00 बजे गुरु चरण पूजा का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। इसके पश्चात दोपहर 12ः30 महा आरती के बाद मंदिर में वृहद भंडारा आयोजित किया गया है। बताया गया है कि इस वर्ष साईं संस्थान द्वारा आयोजित गुरु पूर्णिमा महोत्सव का प्रमुख आकर्षण दोपहर 2ः00 से बाबा की शोभायात्रा शहर में विभिन्न मार्गो से निकाली जाएगी। जानकारी देते हुए शिरडी साईं सेवा संस्थान के प्रधान पुजारी मनसुखलाल ने बताया कि यह शोभायात्रा साईं मंदिर रीवा से प्रारम्भ होकर, कमिश्नर कार्यालय, शिल्पी प्लाजा बी ब्लॉक, प्रकाश चौराहा, अस्पताल चौराहा, अमहिया होते हुए सिरमौर चौराहा, कॉलेज चौराहा, मानस भवन होते हुए नया बस स्टैंड, तथा जयस्तंभ से होते हुए वापस रात्रि 8:00 बजे शिर्डी साईं संस्थान कोठी कंपाउंड में समाप्त होगी।


संस्थान के अध्यक्ष अजय धमीजा ने बताया कि इस वर्ष शोभायात्रा का प्रमुख आकर्षण भोले नाथ एवं राधा कृष्ण की झांकी, साईं बाबा की झांकी, योग के प्रति जागरूकता पैदा करने हेतु सजीव झांकी आदि होंगे। चल समारोह का प्रमुख आकर्षण उज्जैन महाकाल सवारी का भीम कडा होगा, जिसका प्रदर्शन पहली बार रीवा में होने जा रहा है। पत्रकार वार्ता के दौरान रीवा के ज्योतिषाचार्य राजेश साहनी ने बताया कि नगर वासियों के लिए चल समारोह से ही प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई है। गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य सनातन धर्म के प्रति जन जागरण तथा युवा पीढ़ी को भारतीय धर्म एवं संस्कृति से परिचित कराना भी है।

शिरडी साईं सेवा संस्थान कोठी कंपाउंड रीवा द्वारा नगर वासियों से गुरु पूर्णिमा उत्सव में भाग लेने की अपील की गई है।




# इलियाना डिक्रूज की जिंदगी में कौन है ये शख्स?

## जल्द मां बनने वाली एक्ट्रेस ने फिर शेयर की झलक



**बर्फी** और मैं तेरा हीरो जैसी फिल्मों में काम कर चुकी एक्ट्रेस इलियाना डिक्रूज इन दिनों अपनी प्रेग्नेंसी को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। हालांकि उन्होंने प्रेग्नेंट होने की खबर तो काफी पहले शेयर कर दी थी लेकिन आज तक इस बात की कोई जानकारी नहीं है कि उनके होने वाले बच्चे के पिता कौन है। इस बीच एक्ट्रेस अक्सर एक शख्स की झलक सोशल मीडिया पोस्ट करती हैं। जो कि प्रेग्नेंसी के इस कठिन वक्त में उनका साथ दे रहा है।

गौरतलब है कि इलियाना ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक बार फिर से एक शख्स की तस्वीर शेयर की है। ये शख्स उनके पप्पी के साथ खेलता दिखाई दे रहा है। माना जा रहा है कि ये शख्स उनका बॉयफ्रेंड हो सकता है। हलांकि इस बात की पुष्टि भी अब तक एक्ट्रेस की ओर से नहीं की गई है। एक्ट्रेस ने इस तस्वीर को शेयर करते हुए लिखा, 'पपी लव':

वहीं इससे पहले भी इलियाना ने एक तस्वीर शेयर की थी, जिसमें वो अपने बॉयफ्रेंड के साथ दिखाई दे रही थीं। हालांकि इस तस्वीर में कुछ भी साफ दिखाई नहीं दे रहा था। इस तस्वीर को शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने बताया था कि प्रेग्नेंसी के समय ये शख्स उनका खास ख्याल रख रहा है।

आपको बता दें कि खबरें हैं कि एक्ट्रेस कैटरीना कैफ के भाई सबैस्टिअन को डेट कर रही हैं। एक्ट्रेस को कैटरीना कैफ के परिवार के साथ वेकेशन पर जाते हुए भी देखा गया है। हालांकि इस पर अब तक एक्ट्रेस ने कुछ नहीं कहा है। उन्हें कैटरीना फैफ और उनके परिवार के साथ छुटि्टयां बिताते हुए तस्वीरों में देखा गया है।

# फोर्ब्स की इस लिस्ट में शामिल हुई उर्वशी रौतेला



**'आदिपुरुष'** के बाद प्रभास की फिल्म 'सालार' का लोगों को बेसब्री से इंतजार है। ऐसे में अब साउथ सुपरस्टार की इस फिल्म को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। प्रशांत नील के निर्देशन में बन रही फिल्म 'सालार' के टीजर के रिलीज का ऐलान किया गया है। कहा जा रहा है कि इसका टीजर वीडियो जल्द ही जारी किया जाएगा। आपको बता दें कि फिल्म 28 सितंबर 2023 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इसके साथ ही करीना कपूर खान, तबू, कृति सेनन, दिलजीत दोसांझ, कपिल शर्मा स्टारर फिल्म 'The Crew' की रिलीज डेट का ऐलान कर दिया गया है। इसका निर्माण एकता कपूर ने किया है। निधि मेहरा इसकी राइटर हैं और मेहुल सुरी ने इसका निर्देशन किया है। मनोरंजन जगत की खबरों को पढ़ने के लिए जड़े रहिए।

# 'कैरी ऑन जट्टा 3' के खिलाफ शिकायत दर्ज और श्रीजिता डे ने रचाई शादी

मनोरंजन की दुनिया से हर रोज कोई न कोई बड़ी खबर सामने आती है। इंडस्ट्री से जुड़े सितारे रोजाना किसी न किसी वजह से चर्चा में बने रहते हैं। कोई अपनी आने वाली फिल्मों की रिलीज को लेकर, तो कोई अपनी निजी जिंदगी को लेकर अक्सर सुर्खियों में रहता है। ऐसे में फिल्मी रैप के जरिए हम आपको दिन भर की मनोरंजन की 10 बड़ी खबरों की जानकारी देते हैं। तो चलिए जानते हैं कि आज मनोरंजन जगत में क्या कुछ हुआ...

अभिनेत्री और 'बिग बॉस 16' की कंटेस्टेंट श्रीजिता डे ने एक जुलाई को जर्मनी में अपने लॉग टाइम बॉयफ्रेंड माइकल ब्लोहम-पेप से शादी रचा ली है। एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम प्रोफाइल पर शादी की तस्वीरें साझा करके आधिकारिक तौर पर अपनी शादी की घोषणा की। रविवार को, श्रीजिता ने अपनी चर्च शादी की तीन तस्वीरें साझा की हैं, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं।

फरहान अख्तर की 'डॉन' एक काल्पनिक भारतीय अंडरवर्ल्ड सरगना पर केंद्रित फ्रेंचाइजी है। वर्ष 2006 में 'डॉन' और वर्ष 2011 में इसका सीक्वल 'डॉन 2' रिलीज किया गया। दोनों फिल्मों की सफलता के बाद मेकर्स इसकी तीसरी किस्त बनाने की योजना कर रहे हैं। तीसरे पार्ट का नाम



'डॉन 3: चेंज एंड्स' होने वाला है। हालांकि, इस पार्ट में डॉन की भूमिका में नजर आने के लिए शाहरुख खान की जगह रणवीर सिंह का नाम सामने आ रहा है। इसी को लेकर आया नया अपडेट जबर्दस्त सुर्खियां बटोर रहा है।

साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'पुष्पा: द रूल' यानी 'पुष्पा 2' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। वहीं, एक्टर इसके बाद एक और बड़े प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने जा रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, अल्लू की अगली फिल्म का डायरेक्शन त्रिविक्रम के जरिए किया जाएगा। इससे पहले दोनों 'एसओ सत्यमूर्ति' (2015), और ब्लॉकबस्टर 'अला वैकुंठपुमुलु' (2020) में साथ काम कर चुके हैं। कॉन्ट्रोवर्शियल शो बिग बॉस ओटीटी 2 इन दिनों लगातार मीडिया की सुर्खियों में छाया हुआ है। हाल ही में आलिया सिद्दीकी को शो से बाहर निकाला गया है। मौजूदा सीजन से बाहर होने के कुछ दिनों बाद, आलिया सिद्दीकी ने उन दावों के बारे में बात की है, जिनमें कहा गया था कि, जब वह घर में थीं तब उन्होंने पीड़ित होने का नाटक किया था। आलिया ने जोर देकर कहा कि अगर उन्होंने ऐसा किया होता, तो वह पति के पैसे मांग रही होती और कहा कि पूजा भट्ट ही वह है, जो वास्तव में सलमान खान के शो में पीड़िता की भूमिका निभा रही हैं।

मालिक, मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email -editor@rokthoklekhaninews.com .